सं.:एसडब्ल्यू-57/5/2018-स्वाधार
भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

प्रथम तल, जीवन तारा बिल्डिंग,
संसद मार्ग, नई दिल्ली,
दिनांक 27-02-2018

सेवा में,

प्रधान सचिव/सचिव,
सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के महिला एवं बाल विकास विभागों के अध्यक्ष

महोदय/महोदया

विषय : स्वाधार गृह योजना के दिशा-निर्देशों में संशोधन के संबंध में।

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने ''स्वाधार'' और ''अल्पावास गृह'' नामक दो पूर्ववर्ती योजनाओं को सम्मिलित करके दिनांक 01.01.2016 से स्वाधार गृह योजना की शुरूआत की है। इस नई योजना का लक्ष्य संस्थागत सहायता की आवश्यकता वाली कठिन परिस्थितियों में रहने वाली महिला पीड़िताओं का पुर्नवास करना है ताकि वे अपना जीवन सम्मानपूर्वक जी सकें।

2. माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निदेशों के अनुसार, स्वाधार गृह योजना के दिशा-निर्देशों के पैरा ड., ज.(iii) तथा ण.(ii) में कुछ संशोधन किए गए है । संशोधित दिशा-निर्देशों की एक प्रति इसके साथ संलग्न है ।

भवदीय

(एस.आर मीना)
उप-सचिव, भारत सरकार
दूरभाष संख्या : 011-23745787

प्रति : तकनीकी निदेशक, एनआईसी को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की वेबसाइट पर इसके साथ संलग्न संशोधित दिशानिर्देशों को अपलोड करने के लिए ।

भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

स्वाधार गृह
एक योजना जो कठिन परिस्थितियों में रहने वाली महिलाओं की प्राथमिक आवश्यकताओं को पूरा करती है ।
(2018)

स्वाधार गृह

(क) पृष्ठभूमि

महिलाओं को शोषण से बचाने की आवश्यकता को पहचानते हुए तथा उनके पुनरूद्धार और पुर्नवास में सहायता करने के लिए, समाज कल्याण विभाग द्वारा सन् 1969 में समाजिक सुरक्षा तंत्र के रूप में महिलाओं और लडकियों के लिए अल्पावास गृह योजना की शुरूआत की गई थी । इस योजना का लक्ष्य पारिवारिक विवाद, अपराध, हिंसा, मानसिक तनाव या सामाजिक उपेक्षा के कारण घर विहीन होने वाली या वेश्यावृति में धकेल दी जा रही या नैतिक खतरे का सामना करने वाली महिलाओं और लडकियों को अस्थायी आश्रय, अनुरक्षण और पुनर्वास सेवा प्रदान करना है। इसी प्रकार के उद्देश्यों वाली एक अन्य योजना अर्थात स्वाधार-कठिन परिस्थितियों में रहने वाली महिलाओं के लिए योजना की शुरूआत 2001-02 में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा की गई थी । इस योजना का लक्ष्य आश्रय, भोजन, कपडा, परामर्श, प्रशिक्षण, क्लीनिकल तथा कानूनी सहायता के प्रावधानों के माध्यम से कठिन परिस्थितियों में रहने वाली महिलाओं का पुनर्वास करना है । बाजार अनुसंधान एवं समाज विकास केंद्र, नई दिल्ली ने इन दोनों योजनाओं के निष्पादन का मूल्यांकन करने के लिए सन् 2007 में इनका मूल्यांकन किया था । मूल्यांकन रिपोर्ट में परामर्श और पुनर्वास की स्कीमों के अंतर्गत अपनाए गए उपायों की प्रभाविकता तथा सकारात्मक प्रभाव का हवाला देते हुए यह पाया गया था कि निवासियों का प्रोफाइल तथा श्रेणी, दाखिल प्रक्रिया, परामर्श, सेवा की गुणवत्ता, रोजगार प्रशिक्षण, पुर्नवास तथा अनुवर्तन प्रक्रिया दोनों स्कीमों में लगभग एक समान ही है । अत: कम प्रशासनिक भार और प्रक्रियाओं के साथ बेहतर कार्यप्रणाली तथा परिणाम प्राप्त करने के लिए इन दोनों योजनाओं को मिश्रित करने की सिफारिश की जाती है। इसके साथ ही यह भी सिफारिश की जाती है कि नई योजना में प्रत्येक जिले में इस प्रकार का एक गृह स्थापित करने पर ध्यान दिया जाना चाहिए ।

मूल्यांकन अध्ययनों के सकारात्मक निष्कर्षों से मंत्रालय को इस नई योजना को प्रस्तावित करने के लिए प्रोत्साहन प्राप्त हुआ है। इस योजना का लक्ष्य संस्थागत सहायता की आवश्यकता वाली कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन करने वाली महिला पीडिताओं का पुनर्वास करना है । ताकि वे सम्मानपूर्वक अपना जीवन जी सकें ।

(ख) दृष्टि

इस स्कीम के तहत कठिन परिस्थितियों में रहने वाली महिला पीडिताओं के लिए सहायक संस्थागत ढांचे की परिकल्पना की गई है ताकि वे अपना जीवन सम्मान पूर्वक और दृढ विश्वास के साथ जी सके । इसमें परिकल्पना की गई है कि इन महिलाओं के लिए आश्रय, भोजन, कपडा और स्वास्थ्य तथा आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी । इसमें यह भी परिकल्पना की गई है कि इन महिलाओं की विशेष आवश्यकताओं का उचित रूप से ध्यान रखा जाए और किसी भी परिस्थिति में उनकी देखरेख में असावधानी न बरती जाए जिससे कि वे शोषण और अकेलेपन का शिकार हो जाएं।

(ग) उद्देश्य

इस स्कीम के अंतर्गत, प्रत्येक जिले में निम्नलिखित उद्देश्यों के साथ 30 महिलाओं की क्षमता वाले स्वाधार गृह की स्थापना की जाएगी :-

(क) कठिन परिस्थितियों में रहने वाली तथा बिना किसी सामाजिक और आर्थिक सहायता वाली महिलाओं के आश्रय, भोजन, कपड़ा, चिकित्सा उपचार तथा देखभाल की प्राथमिक आवश्यकता को पूरा करना ।
(ख) कठिन परिस्थितियों का सामना करने के कारण प्रभावित होने वाली उनकी भावनात्मक शक्ति को दोबारा प्राप्त करने के लिए उन्हें सक्षम बनाना।
(ग) उन्हें कानूनी सहायता और दिशा-निर्देशन प्रदान करना ताकि वे परिवार / समाज में स्वयं को पुर्नस्थापित करने के लिए कदम उठाने में सक्षम हो सके ।
(घ) आर्थिक तथा भावानत्मक रूप से उनका पुनर्वास करना ।
(ड़) संकट में पडी महिलाओं की विभिन्न मांगों को समझने और पूरा करने वाली सहायता प्रणाली के रूप में कार्य करना ।
(च) उन्हें अपना जीवन सम्मान पूर्वक तथा दृढ विश्वास के साथ दोबारा शुरू करने में सक्षम बनाना ।

बडे शहरों और 40 लाख से अधिक की जनसंख्या वाले अन्य जिलों या उन जिलों जहां महिलाओं को अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता है, के लिए एक से अधिक स्वाधार गृहों की स्थापना की जा सकती है । स्वाधार गृह की क्षमता को मांग के मूल्यांकन और अन्य महत्वपूर्ण पैरामीटरो के आधार पर 50 या 100 तक बढाया जा सकता है ।

(घ) कार्यनीतियां

उपरोक्त बनाए गए उद्देश्यों का अनुसरण निम्नलिखित कार्यनीतियां अपनाते हुए किया जाएगा:-

(क) भोजन, कपडा, चिकित्सा सुविधाएं आदि के प्रावधान के साथ अस्थायी रिहायशी आवास।
(ख) इन महिलाओं के आर्थिक पुर्नवास के लिए रोजगार तथा दक्षता उन्नयन प्रशिक्षण प्रदान करना ।
(ग) परामर्श, जागरूकता सृजन तथा व्यवहार प्रशिक्षण प्रदान करना ।
(घ) कानूनी सहायता एवं दिशानिर्देशन
(ड) टेलीफोन के माध्यम से परामर्श देना

(ड) लाभार्थी

इस घटक का लाभ निम्नलिखित श्रेणियों वाली 18 वर्ष से अधिक आयु वाली महिलाओं द्वारा उठाया जा सकता है :-

(क) महिलाएं जिन्हें छोड दिया गया है या जिन्हें सामाजिक और आर्थिक सहायता प्राप्त नहीं है ।
(ख) प्राकृतिक आपदा की पीडित महिलाएं जो बेघर हो गई है और जिन्हें कोई सामाजिक तथा आर्थिक सहायता प्राप्त नहीं है ।
(ग) जेल से रिहा हो कर आने वाली और पारिवारिक, सामाजिक या आर्थिक सहायता विहीन महिला कैदी
(घ) घरेलू हिंसा, पारिवारिक तनाव या विवाद की पीडित महिलाएं जिन्हें बिना कोई निर्वाह भत्ता दिए घर छोडने पर मजबूर कर दिया गया है और जिन्हें शोषण से कोई विशेष सुरक्षा प्राप्त नहीं है और / या जो वैवाहिक विवाद के कारण मुकद्दमे का सामना कर रही है : और
(ड) अवैध-व्यापार की पीडित महिलाएं / वेश्यालयों से बचाई जाने वाली या भाग जाने वाली महिलाएं या शोषण के अन्य स्थानों से बचाई जाने वाली महिलाएं और एचआईवी/एडस पीडित महिलाएं जिन्हें कोई सामाजिक या आर्थिक सहायता प्राप्त नहीं है । हालांकि इन महिलाओं/लडकियों को सबसे पहले उज्ज्वला योजना, उन क्षेत्रों में जहां यह प्रचालन में है, के अंतर्गत सहायता की मांग करनी होगी।

सभी श्रेणी की महिलाएं अधिकतम 5 वर्ष की अवधि तक ही रह सकती हैं। 55 वर्ष से अधिक की आयु वाली वृद्ध महिला को 60 वर्ष की आयु तक ही आवास प्रदान किया जा सकता है इसके बाद इन्हे वृद्ध आश्रमों में स्थानांतरित कर दिया जाएगा ।

स्वाधार गृह सुविधाओं का लाभ उपरोक्त श्रेणियों की महिलाओं के साथ आने वाले बच्चों द्वारा भी उठाया जा सकता है । स्वाधार गृह में 18 वर्ष तक की आयु की लडकियों तथा 12 वर्ष तक की आयु के लडकों को ही अपनी माताओं के साथ रहने की अनुमति प्रदान की जाएगी । (12 वर्ष से अधिक की आयु वाले लडकों को किशोर न्याय अधिनियम) समेकित बाल संरक्षण सेवा (आईसीडीएस) के अंतर्गत संचालित बाल गृहों में स्थानांतरित किए जाने की आवश्यकता होगी ।

(ड.) कार्यान्वयन एजेन्सियां तथा पात्रता मानदंड

(i) निम्नलिखित एजेन्सियो/संगठनों में से कोई भी संगठन इस योजना के अंतर्गत सहायता की मांग कर सकता है:-

(क) राज्य सरकारों द्वारा स्थापित महिला विकास निगमों सिहत राज्य सरकार की एजेन्सियां ।
(ख) केंद्र और राज्य के स्वायत्त निकाय
(ग) निगम निकाय
(घ) छावनी बोर्ड
(ड.) पंचायती राज संस्थाएं और सहकारी संस्थाएं
(च) राज्य सरकारों के महिला एवं बाल विकास विभाग/समाज कल्याण विभाग जो स्वाधार गृह का निर्माण कर सकते हैं और उन्हें स्वयं चला सकते हैं या इस योजना के अंतर्गत प्रचालन का प्रबंधन करने के लिए उतनी अवधि जितनी वह ठीक समझे के लिए अपेक्षित अनुभव वाले संगठनों को लीज (पट्टे) पर दे सकते हैं ।
(छ) तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन पंजीकृत सार्वजनिक ट्रस्ट ।
(ज) महिला कल्याण/समाज कल्याण/महिला शिक्षा के क्षेत्रों में कार्य करने के ट्रैक रिकॉर्ड वाले सिविल सोसायटी संगठन जैसे कि गैर सरकारी संगठन आदि किंतु इस शर्त के अधीन रहते हुए कि ये संगठन भारतीय सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 या किसी संबंधित राज्य अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत हो ।

(ii) पैरा (छ) और (ज) के अंतर्गत शामिल संगठन के लिए निम्नलिखित मानदंड पूरा करना अनिवार्य है :-

(क) यह संगठन या तो वर्तमान योजना/कानून के अंतर्गत राज्य/केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासन के द्वारा मान्यता प्राप्त होना चाहिए या कम से कम 3 वर्षों के लिए क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव होना चाहिए ओर इसके कार्य को संबंधित राज्य सरकार/केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन द्वारा संतोषजनक पाया गया हो ।
(ख) यह सामान्य रूप से योजना के अंतर्गत सहायता अनुदान के लिए अनुरोध करने से पूर्व दो वर्षों की न्यूनतम अवधि के लिए महिला कल्याण/समाज कल्याण/महिला शिक्षा के क्षेत्र में संलग्न होना चाहिए ।

(ग) इसमें इस परियोजना का प्रबंधन करने के लिए सुविधाएं, संसाधन, कार्मिक तथा अनुभव होना चाहिए ।
(घ) इसकी वित्तीय स्थिति मजबूत होनी चाहिए ताकि यह अनुदान प्राप्त होने में विलंब होने की स्थिति में कुछ माह के लिए खर्च वहन कर सके ।
(ड.) यह स्वाधार गृह को गैर लाभ आधार पर चला रहा हो ।
(छ) संगठन के पास स्वाधार गृह में कम्पयूटर, इंटरनेट कनैक्शन आदि जैसी सुविधाएं होनी चाहिए ।

(iii) योजना के घटक

(क) भवन के निर्माण के लिए निर्माण अनुदान केवल राज्य सरकारों, नगर निगमों, छावनी बोर्डों और पंचायती राज संस्थाओं के लिए ही स्वीकार्य होगा । कार्यान्वयन ऐजेन्सी द्वारा इस उद्देश्य के लिए भूमि मुफ्त दी जाएगी ।
(ख) यदि स्वाधार गृह किराए के भवन में चलाया जा रहा है तो इसका किराया कितना होगा।
(ग) स्वाधार गृह के प्रबंधन के लिए आवर्ती और गैर आवर्ती व्यय के लिए सहायता ।
(घ) निवासियों और बच्चों के लिए भोजन, आश्रय, कपडा, चिकित्सा देखभाल, जेब खर्च का प्रावधान ।
(ड.) परामर्श, कानूनी सहायता, रोजगार प्रशिक्षण तथा दिशा-निर्देशन का प्रावधान

ज.) सहायता का स्वरूप

इस योजना का कार्यान्वयन पूर्वोत्तर राज्यों उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर जहां केंद्र और राज्य का हिस्सा 90:10 के अनुपात में होगा के सिवाय अन्य राज्यों में 60:40 के लागत हिस्सेदारी अनुपात पर केंद्रीय प्रायोजित योजना के रूप में किया जाएगा। केंद्र शासित प्रदेशों के मामले में, सरकार 100 प्रतिशत सहायता प्रदान करेगी। केंद्र का हिस्सा वर्ष 2017-18 के लिए लगभग 100 करोड रूपये होगा ।

कार्यान्वयन एजेन्सियां उपरोक्त वर्णित सभी घटकों के लिए सहायता मांग सकती है किंतु कठिन परिस्थितियां वाली महिलाओं की सहायता करने के लिए अन्य सुविधाएं उपलब्ध होने पर सहायता केवल कुछ ही घटकों के लिए भी मांगी जा सकती है । सरकार स्वाधार गृह की स्थापना/संचालन करने के लिए कार्यान्वयन संगठनों को निम्नलिखित प्रकार की वित्तीय सहायात प्रदान करेगी :-

(i) निर्माण के लिए सहायता : सरकार निवासियों के आश्रय के लिए कमरों/काटेज/झोपडियों के निर्माण तथा रसोई, स्नान घर प्रशिक्षण हाल, मनोरंजन कक्ष, भोजन कक्ष, कार्यालय कक्ष आदि जैसी सामान्य सुविधाएं तथा जल, बिजली, संपर्क सडक, सीमा की दीवार आदि जैसी अवसंरचनात्मक सुविधाओं के लिए सहायता प्रदान करेगी। यह अनुदान 1,33000/- रूपये प्रति निवासी की उच्चतम सीमा के अधीन होगा । निर्माण अनुदान महिला विकास निगम, केंद्र या राज्य स्वायत्त निकायों, नगर निगमों तथा पंचायती राज संस्थाओं सहित राज्य सरकार की एजेन्सियों को दिया जाएगा। अनुमानित आधार पर अपनाई जाने वाली निर्माण की सामाग्रियों/सेवाओं की दरें संबंधित राज्य के जन कल्याण विभाग की दरों की सूची (एसओआर) से अधिक नहीं होनी चाहिए।

(ii) किराए के लिए सहायता : 30 निवासियों के लिए आशयित स्वाधार गृह के लिए स्वीकार्य अधिकतम किराया 'ए' ग्रेड के शहरों में 50,000/- रूपये प्रति माह है, 'बी' ग्रेड के शहरों में 30,000/- रूपये प्रतिमाह है और अन्य स्थानों पर 18,000/- रूपये प्रति माह है। ग्रेड 'ए' और 'बी' के शहरों की सूची अनुलग्नक में है। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि भवन को अधिक किराए वाले क्षेत्रों में स्थापित न किया जाए। किराए की उचितता को जिला कलेक्टर/राज्य जन कल्याण विभाग या इस उद्देश्य के लिए संबंधित राज्य सरकार/केंद्र शासितप्रदेश प्रशासन द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य ऐजेंसी द्वारा प्रमाणित किया जाना चाहिए।

रिहायशी स्थान के लिए मानदंड :

स्वाधार गृह को ऐसी रिहायशी सुविधाएं दी जानी चाहिए जिससे कि निवासियों के लिए एक सम्मानजनक और प्रतिष्ठित जीवन स्तर सुनिश्चित हो सके। तदनसार प्रत्येक स्वाधार गृह को सामान्य स्थान और युटिलिटियों को छोड़कर प्रति निवासी लगभग 80 स्क्वेयर फीट का रिहायशी स्थान प्रदान किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक स्वाधार गृह में स्नानघर, शौचालय, भोजन कक्ष तथा एक बहु उद्देशीय कक्ष, जिसे सामान्य कक्ष/मनोरंजन कक्ष/प्रशिक्षण कक्ष के रूप में प्रयोग किया जाएगा, की पर्याप्त सुविधाएं होनी चाहिए। स्वाधार गृह के परिसर को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया जाना चाहिए और स्वाधार गृह के लिए चिन्हित किए गए परिसर में किसी अन्य रिहायशी कार्यक्रम का संचालन नहीं किया जाना चाहिए।

(iii) **<u>प्रशासन एवं प्रबंधन</u>** 30 निवासियों वाले स्वाधार गृह के लिए स्टाफ का सूचित प्रावधान निम्नलिखित होगा :-

क्र.सं.	**पद का नाम**	**पदों की सं.**	**मुआवजा (मासिक)**	**मुआवजा (वार्षिक)**
1.	निवासी अधीक्षक	1	12,000	1,44,000
2.	परामर्शक	1	10,000	1,20,000
3.	कार्यालय सहायक गृह	1	8000	96,000
4.	चिकित्सक	1	6000	72,000

	(अधिकक्ष)			
5.	गार्ड/चौकीदार	2	10,000	1,20,000
कुल		**6**	**46,000**	**5,52,000**

स्वाधार गृह के निवासियों को खाना पकाने, शौचालय साफ करने तथा साफ सफाई के कार्यों का स्वयं प्रबंधन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

संगठन यह सुनिश्चित करेगा कि कर्मचारियों को संविदा आधार पर नियुक्त किया जाए।

संगठन यह भी सुनिश्चित करेगा कि तैनात किए गए कर्मचारी स्वच्छ, साफ सुथरे और उचित यूनिफॉर्म पहने।

संगठन यह सुनिश्चित करेगा कि स्वाधार गृह में तैनात सभी कर्मचारियों का नैतिक चरित्र अच्छा हो और उनका कोई पिछला अपराधिक इतिहास न हो तथा इस बात की जांच स्वाधार गृह में उनकी तैनाती से पूर्व पुलिस प्राधिकारी द्वारा कार्रवाई जाएगी।

सरकारी अस्पतालों/प्राधिकरण द्वारा कर्मचारियों की उचित चिकित्सकीय जांच की जाएगी और कर्मचारियों को गृह में तैनाती के समय किसी भी प्रकार की छूत की बीमारी नहीं होनी चाहिए। कर्मचारियों की आवधिक स्वास्थ्य जांच भी सुनिश्चित की जाएगी।

कर्मचारियों की सेवाएं उपरोक्त शर्तों का उल्लंघन करने पर एक माह पहले नोटिस देकर समाप्त कर दी जाएगी।

iv. अन्य आवर्ती व्यय : 30 निवासियों के स्वाधार गृह के लिए निम्नलिखित आवर्ती व्यय की मंजूरी दी जाएगी :-

(राशि रुपयों में)

क्र.सं.	**विवरण**	**यूनिट**	**व्यय (मासिक)**	**व्यय (वार्षिक)**
1.	भोजन का खर्च	प्रति निवासी	1300	468000#
2.	कपड़े का खर्च	प्रति निवासी	--------	30000#
3.	दवाइयों, व्यक्तिगत स्वच्छता उत्पादों आदि का खर्च	प्रति निवासी	175	63000#
4.	जेब खर्च	प्रति निवासी	100	36000#
5.	मनोरंजन गतिविधियों के लिए खर्च	संचित		12000#
6.	एनसीवीटी की अनुमोदित योजना के अंतर्गत रोजगार प्रशिक्षण के लिए शुल्क की प्रतिपूर्ति	श्रम विभागों/एनसीवीटी द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार प्रशिक्षण और जांच	प्रति वर्ष प्रति निवासी *1800/-	27000** (वास्तविक के अधीन)

	और जारी किया जानेवाला प्रमाणपत्र	शुल्क का प्रति महिला भुगतान		
7.	टेलिफोन शुल्क सहित आकस्मिकता	प्रति गृह		50,000
8.	किराया***	प्रति गृह	50,000/ 30,000/ 18,000/	6,00,000/ 3,60,000/ 2,16,000/
कुल				12,86,000/ 10,46,000/ 9,02,000.

25 से 35 वर्ष तक की आयु की महिलाओं और उनके बच्चों को सभी लाभ केवल 12 माह की अवधि के लिए प्राप्त होंगे और इसके बाद इन्हें केवल आवास की सुविधा ही मिलेगी तथा अन्य सभी खर्च की व्यवस्था उन्हें अपने स्वयं के संसाधनों से करनी होगी।

* रोजगार प्रशिक्षण की गणना एनसीवीटी द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रमों के लिए प्रति निवासी 1500/- रुपये की दर पर की गई है। जिसका प्रशिक्षण शुल्क प्रशिक्षण की अवधि पर निर्भर करते हुए 500/- रुपये से लेकर 3000/- रुपये तक है। अनुमान है कि औसत प्रशिक्षण शुल्क प्रति निवासी 1000/- रुपये (महिलाओं के लिए प्रशिक्षण शुल्क में उपलब्ध 25 प्रतिशत की छूट के समायोजन के पश्चात) होगा। प्रति महिला 800/- रुपये के जांच शुल्क को शामिल करने के पश्चात अस्थायी प्रशिक्षण लागत प्रति निवासी 1800/- रुपये तक आ गई है।

** अनुमान है कि 50 प्रतिशत निवासी अपने पुनर्वास को सुगम बनाते हुए प्रशिक्षण का लाभ उठाएगें। अत: 30 महिलाओं की क्षमता वाले स्वाधार गृह के लिए रोजगार प्रशिक्षण शीर्ष पर अनुमानित वार्षिक व्यय 27000/- रुपये होगा किंतु स्वाधार गृह को बिना किसी उच्चतम सीमा के वास्तविक आधार पर प्रशिक्षण शुल्क की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

*** वर्गीकरण के अनुसार

+ तैनात किए गए कर्मचारियों के किराए और वेतन का भुगतान चैकों/इलेक्ट्रॉनिक तरीके के माध्यम से किया जाएगा।

(v) **बच्चों के लिए प्रावधान :** स्वाधार गृह के बच्चों के लिए, खर्च प्रत्येक शीर्ष पर महिलाओं को लागू होने वाले आवर्ती व्यय के दो तिहाई (2/3) भाग की दर पर दिया जाएगा।

(vi) **गैर-आवर्ती व्यय :** फर्नीचर, पलंग, बेडिंग, बर्तन, टेलीविजन आदि सहित अन्य आवश्यक सामग्री के क्रय हेतु प्रति महिला 5000/- रुपये का एक मुश्त गैर आवर्ती अनुदान का प्रावधान होगा। किंतु पांच वर्षों तक परियोजना के सफलतापूर्ण कार्यान्वयन के पश्चात, परियोजना मंजूरी समिति इसे और आगे जारी रखने का निर्णय लेते समय सेवा प्रदायगी न की जा सकने वाली सामग्री को बदलने के लिए उपर्युक्त राशि की अनुमति दे सकेगी जो कि वास्तविक अनुदान से अधिक नहीं होगी।

झ स्वाधार गृह के कर्मचारियों के दायित्व

(क) **निवासी अधीक्षक :** वह स्वाधार गृह की पूर्ण इंचार्ज/प्रशासनिक अध्यक्ष होगी और स्वाधार गृह की प्रवाहपूर्ण कार्यप्रणाली को सुनिश्चित करेगी ताकि स्वाधारगृह के निवासियों की समस्याएं उनके द्वारा सुलझाई जा सकें।

(ख) **परामर्शक :** वह स्वाधार गृह के निवासियों तथा जरूरतमंद महिलाओं को टेलिफोन के माध्यम से परामर्श देगी। इसके साथ ही वह स्वाधार गृह के प्रबंधन में निवासी अधीक्षक की सहायता भी करेंगी।

योग्यता

अधीक्षक	–	प्राथामिक रूप से स्नातकोत्तर डिग्रीधारी हो और इनके पास इस प्रकार के गृहों के संचालन में 2-3 वर्ष का पर्यवेक्षण अनुभव हो।
परामर्शक	–	सामाजिक कार्य/मनोविज्ञान/समाजशास्त्र में स्नातकोत्तर डिग्रीधारी होना चाहिए। पिछला कार्य अनुभव रखने वाले व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जाएगी।
कार्यालयी सहायक	–	स्नातक (कम्प्यूटर प्रचालन में दक्षता सहित)
गार्ड/वॉचमैन/चपरासी	–	मध्यस्तर

उपरोक्त शैक्षिक योग्यताओं की मांग वर्तमान गृहों के उन कर्मचारियों के संबंध में नहीं की जाएगी जो कि पांच वर्ष से अधिक समय से इन गृहों में कार्य कर रहे हैं।

ञ. सहायता सेवाएं

(क) **विधिक सेवा :** लाभार्थियों को कानूनी सहायता की आवश्यकताओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से पूरा किया जाएगा। यदि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से इस प्रकार की सहायता उपलब्ध नहीं हो पाती है तो कार्यान्वयन संगठन वैकल्पिक उपर्युक्त कानूनी सहायता की व्यवस्था करेंगे।

(ख) **रोजगार प्रशिक्षण :** कार्यान्वयन ऐजेंसी द्वारा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले रोजगार एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय द्वारा मान्यता प्राप्त रोजगार प्रशिक्षण संस्थानों के माध्यम से महिलाओं को रोजगार प्रशिक्षण प्रदान करने की व्यवस्था की जाएगी। प्रशिक्षण और परीक्षा शुल्क का भुगतान प्रशिक्षण के सफलतापूर्वक पूरा होने पर किया जाएगा। रोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा जारी किए गए प्रमाणपत्र को प्रस्तुत करने पर किया जाएगा। रोजगार प्रशिक्षण आदि के क्रम में निवासियों के परिवहन पर संगठन द्वारा वहन किया गया खर्च आकस्मिक शीर्ष से पूरा किया जा सकता है।

(ग) **चिकित्सा सुविधाएं :** स्वास्थ्य जांच और चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था स्थानीय सिविल अस्पताल/सीएचसी/पीएचसी से करवाई जाएगी। हालांकि, कार्यान्वयन संगठन को स्वाधार गृह के लिए एक अंशकालिक डॉक्टर की व्यवस्था करनी चाहिए और इस डॉक्टर को निवासियों के सामान्य स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए सप्ताह में कम से कम एक बार आश्रय गृह का दौरा करना चाहिए। डॉक्टर द्वारा लिखी गई दवाओं की खरीद का खर्च ''चिकित्सकीय देखभाल तथा व्यक्तिगत स्वच्छता शीर्ष'' से किया जाना चाहिए।

(घ) **परामर्श :** स्वाधार गृह योजना के अंतर्गत प्रस्तावित किया गया स्टाफ जरूरतमंद महिलाओं को टेलिफोन से परामर्श देगा और टेलिफोन कॉलों पर होने वाले खर्च का भुगतान ''आकस्मिक शीर्ष'' से किया जाएगा।

योजना के कार्यान्वयन के क्रम के दौरान, राज्य सरकारें और कार्यान्वित संगठन अन्य कार्यक्रमों जैसे कि गैर औपचारिक शिक्षा, राज्यों तथा भारत सरकार के दक्षता विकास और अन्य कार्यक्रमों के साथ अनिवार्य रूप से संबंध स्थापित करेंगे।

सभी कार्यान्वयन संगठन एचआईवी/एड्स द्वारा दूषित/प्रभावित होने वाले निवासियों की आवश्यकताओं का ध्यान रखने के लिए एनएसीओ, राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटियों तथा जिला अस्पतालों के साथ समन्वय स्थापित करेंगे।

राज्य सरकारें स्वाधार गृह में प्रदान की जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता को सुधारने के लिए स्वाधार गृह के कर्मचारियों के लिए अनुकूलन कार्यक्रम आयोजित करने के लिए उपर्युक्त एजेंसियों को नामित करेगी।

कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा स्वाधार गृह में किसी प्रमुख स्थान पर स्थानीय भाषा में संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों के नाम और टेलीफोन नम्बरों के अतिरिक्त उपलब्ध सुविधाओं तथा प्रत्येक सामग्री/घटक/सेवा के लिए अलग से रखी गई राशि को प्रदर्शित किया जाना चाहिए।

ट. नई परियोजनाओं (स्वाधार गृह) को मंजूरी

(क) राज्य सरकारें अपने राज्य में अपेक्षित नई परियोजनाओं की संख्या का मूल्यांकन करेगी और प्रत्येक वर्ष के दिनांक 30 सितम्बर तक औचित्य सहित महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार, शास्त्री भवन, नई दिल्ली में योजना के इंचार्ज संयुक्त सचिव को इसकी सूचना देगी। संसाधनों की उपलब्धता के अधीन रहते हुए केंद्र सरकार अनुमोदित की जा सकने वाली परियोजनाओं के बारे में सूचित करेगी और आगामी वित्तीय वर्ष के बजट में अनिवार्य प्रावधान करेगी ।

(ख) राज्य सरकारें पात्र संगठनों के आवेदन आमंत्रित कर सकती हैं और मानदंडों को पूरा करने वाले प्रस्तावों को संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के सचिव (महिला एवं बाल विकास मंत्रालय) की अध्यक्षता वाली परियोजना मंजूरी समिति के समक्ष रखा जा सकता है और इस समिति में जिसका राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा निर्णीति किसी अन्य प्रतिनिधि अतिरिक्त राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के वित्त और श्रम विभाग के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

स्वाधार गृह की मंजूरी आरंभ में पांच वर्षों के लिए दी जाएगी। पांच वर्ष की अवधि के कार्यान्वयन के पश्चात परियोजना मंजूरी समिति कार्य-निष्पादन और आवश्यकता पर निर्भर करते हुए इसे आगे जारी रखने या न रखने का निर्णय ले सकती है।

ठ. अनुदान जारी करने की प्रक्रिया

राज्य सरकारें/ संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन निम्नलिखित कार्यान्वयन एजेंसियों को अनुदान जारी करेंगे :-

(क) स्वाधार गृहों के निर्माण के लिए

(i) नए स्वाधार गृह की निर्माण लागत के लिए अनुदान 50:40:10 के अनुपात में तीन किश्तों में संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा जारी किया जाएगा। फर्नीचर और सामान्य क्षेत्र सुविधाओं के क्रय के लिए एक मुश्त अनुदान निर्माण लागत के 10 प्रतिशत की अंतिम किश्त के साथ जारी किया जाएगा।

(ii) भवन के निर्माण के लिए अनुमति देने सहित स्थानीय प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित भवन योजना पीएससी को प्रस्तुत किए जाने वाले प्रस्ताव का भाग होनी चाहिए। पीएससी द्वारा प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान कर दिए जाने के पश्चात अनुदान की प्रथम किश्त कार्यान्वयन एजेंसी को जारी कर दी जाएगी।

(iii) कार्यान्वयन एजेंसी को दूसरी किशत पिछली किश्त के खर्च होने के बाद जारी की जाएगी। अगली किश्त जारी करने के अनुरोध के साथ निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे:-

(क) पिछली किश्त का उपयोगिता प्रमाणपत्र और चार्टर्ड एकाउन्टेंट/ सरकारी लेखा परीक्षक, द्वारा सम्यक रूप से प्रमाणित अनुमोदित योजना के निष्पादन पर वहन किए गए वास्तविक व्यय का अद्यतित संक्षिप्त विवरण ।

(ख) कार्यान्वयन एजेंसी को संबंधित राज्य सरकार को निर्माण कार्य की अद्यतित वास्तविक प्रगति दर्शाने वाला विवरण ।

(iv) उपरोक्त वर्णित एक मुश्त अनुदान के साथ तीसरी और अंतिम किश्त निम्नलिखित दस्तावेजों के प्रस्तुतीकरण के बाद भवन का निर्माण पूरा होने पर जारी की जाएगी :-

(क) पीडब्ल्यूडी/सीपीडब्ल्यूडी/हाऊसिंग बोर्ड से इस बारे में पूर्णता प्रमाणपत्र कि भवन का निर्माण अनुमोदित योजनाओं और अनुमानों के अनुसार पूरा किया जा चुका है; और

(ख) संचित उपयोगिता प्रमाणपत्र (जिसमें स्पष्ट और पृथक रूप से दर्शायी गई पहली और दूसरी किश्तों के उपयोगिता प्रमाणपत्र भी शामिल होंगे) और भवन के निर्माण पर वहन किया गया व्यय विवरण जिसे प्राधिकृत लेखा परीक्षकों/सरकारी लेखा परीक्षकों/चार्टड एकाउण्टेड द्वारा सम्यक रूप से लेखा परीक्षित किया गया हो।

(ग) भवन के कम से कम चार कोनों सामने वाली ऊँचाई, आस-पास वाली ऊँचाई और नाम पट्टिका जिस पर यह लिखा हो कि इस स्वाधार गृह का निर्माण महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त वित्तीय सहायता द्वारा किया गया है को निकट से दर्शाने वाली तस्वीर के तारीख वाले फोटोग्राफ।

ड. <u>किराए के परिसर में स्वाधार गृह</u>

यदि किराए के स्वाधार गृह के लिए सहायता मांगी जाती है तो सहायता राशि प्रत्येक वर्ष दो बराबर की किश्तों में जारी की जाएगी। गैर आवर्ती सामग्री के लिए एक मुश्त अनुदान प्रथम किश्त के साथ जारी किया जाएगा।

(i) प्रथम किश्त सामान्यतया परियोजना की मंजूरी के साथ ही जारी की जाएगी। कार्यान्वयन एजेंसी एक नाम पट्टिका जिसमें यह उल्लिखित हो कि इस स्वाधार गृह का संचालन महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार की वित्तीय सहायता से किया जा रहा है, के साथ स्वाधार गृह के दो रंगीन फोटो भी प्रस्तुत करेगी।

(ii) दूसरी ओर पश्चातवर्ती किश्त तभी जारी की जाएगी जब कार्यान्वयन एजेंसी यह प्रमाण प्रस्तुत करे कि उसने पिछली किश्त उसी उद्देश्य के लिए व्यय की है जिसके लिए वह जारी की गई थी। दूसरी और पश्चातवर्ती किश्त जारी करने के अनुरोध के साथ निम्नलिखित दस्तावेज भी प्रस्तुत करने होगें :-

(क) पिछली किश्त का उपयोगिता प्रमाणपत्र तथा वहन किए गए वास्तविक व्यय का अद्यतन संचित विवरण।

(ख) जिला प्रशासन द्वारा निरीक्षण रिपोर्ट जिसमें निवासियों की अनुमोदित संख्या की तुलना में निरीक्षण के समय संबंधित पाए जाने वाले बच्चों की वास्तविक संख्या के ब्यौरे सहित स्वाधार गृह की सामान्य स्थिति और स्वाधार गृह में प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का ब्यौरा होगा।

ढ. <u>केंद्र सरकार द्वारा अनुदान जारी करना</u>

निधियां जारी करने के लिए वित्तीय स्वरूप पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्यों, जहां केंद्र सरकार और राज्य के बीच का अनुपात 90:10 होगा, को छोड़कर केंद्र सरकार और राज्यों के बीच 60:40 होगा। संघ राज्य क्षेत्रों के मामले में, समग्र लागत केंद्र सरकार द्वारा वहन की जाएगी।

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को निधियां प्रत्येक वर्ष दो किश्तों में जारी की जाएगी। किसी वर्ष के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र को किए गए आबंटन का निर्धारण प्रचालन परियोजनाओं की संख्या, वर्ष में मंजूर किए जाने की संभावना वाली नई परियोजनाओं की संख्या और संसाधनों की उपलब्धता पर विचार करते हुए किया जाएगा। आबंटित अनुदान के 50 प्रतिशत की राशि की प्रथम किश्त राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के पास उपलब्ध व्यय न की गई किसी शेष राशि की कटौती के पश्चात वित्तीय वर्ष के आरंभ में जारी की जाएगी।

दूसरी किश्त पहली किश्त के 60 प्रतिशत भाग का उपयोग कर लिए जाने के बाद जारी की जाएगी।

राज्य सरकारों से महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को अर्धवर्षीय व्यय विवरण प्रस्तुत करने की अपेक्षा की गई है।

ण. <u>योजना की निगरानी</u>

(i) जिला स्तर पर निगरानी

इस योजना के अंतर्गत स्थापित किए जाने वाले सभी स्वाधार गृहों, चाहे वे नवनिर्मित हों या वे किराए के परिसर में चल रहे हों या अन्यथा हो, की निगरानी निम्नलिखित प्रकार से गठित निगरानी समिति द्वारा नियमित रूप से की जाएगी ताकि उनका प्रवाहपूर्ण कार्यान्वयन अंतरालों का चिन्हीकरण सुनिश्चित किया जा सके और ऐसे कदम सुझाए जा सके जिनसे उनका संचालन बेहतर तरीके से हो सके।

(क)	जिला कलैक्टर	अध्यक्ष
(ख)	मुख्य चिकित्सा अधिकारी	सदस्य
(ग)	पुलिस अधीक्षक	सदस्य
(घ)	जिला समाज कल्याण अधिकारी/महिला एवं बाल विकास अधिकारी सचिव	सदस्य
(ड)	जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रतिनिधि	सदस्य
(च)	म्युनिसिपल कारपोरेशन/पंचायती राज संस्थाओ के प्रतिधिनिधि	सदस्य
(छ)	जिला कलैक्टर के विवेकाधिकार पर नियुक्त अन्य प्रमुख व्यक्ति	सदस्य

यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि जिला समिति के कम से कम दो सदस्य महिलाएं होंगी। इस समिति की बैठक तीन माह में कम से कम एक बार होगी।

प्रत्येक कार्यान्वयन एजेंसी जिला समिति को निर्धारित फार्मेट में स्वाधार गृह की मासिक प्रगति रिपोर्ट (ओपीआर), पुनर्वासित महिलाओं की सूची तथा निवासियों की सूची आदि प्रस्तुत करेगी।

(ii) राज्य स्तर पर निगरानी

राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन में समाज कल्याण विभाग/महला एवं बाल विकास विभाग का सचिव इंचार्ज योजना के लिए राज्य स्कीम/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन स्तरीय निगरानी समिति का अध्यक्ष होगा । समिति के अन्य सदस्य सचिव द्वारा नामित किए जाएंगे । महिला एवं बाल विकास मंत्रालय का प्रतिनिधि (संबंधित ब्यूरो का संयुक्त सचिव या उनका नोमिनी) समिति का सदस्य भी होना चाहिए । इस समिति की बैठक वर्ष में कम से कम दो बार होगी और यह परियोजनाओं की निगरानी करेगी । किसी एजेन्सी को अनुदान जारी किया जाना राज्य/संघ राज्य क्षेत्र स्तरीय समिति द्वारा किए गए मूल्यांकन के अनुसार संतोषजनक निष्पादन पर निर्भर करेगा । **राज्य सरकार को स्वाधार गृह योजना के कार्यान्वयन के संबंध में सामाजिक लेखा परीक्षा करवाना सुनिश्चित करना चाहिए ।**

(iii) केंद्रीय स्तर पर निगरानी

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के साथ नियमित अंतरालों पर स्वाधार गृह की कार्य प्रणाली की समीक्षा भी करेगा । यदि आवश्यक हुआ, तो महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अधिकारियों द्वारा परियोजनाओं का निरीक्षण किया जाएगा । इसके अतिरिक्त, मंत्रालय (वेब आधारित/ आईटी सक्षम निगरानी प्रणाली स्थापित करने की संभावना की खोज करेगा ।

(त.) <u>योजना संबंधी मानदंडों का पालन न किया जाना तथा अन्य उल्लंघन</u>

(i) घटक के किसी प्रावधान के उल्लंघन या भ्रम की स्थिति में या कार्यान्वयन एजेंसी/स्वाधार गृह के किसी भी समय बंद हो जाने की स्थिति में, सरकारी अनुदान से सृजित होने वाली सभी परिसंपत्तियां भारत सरकार के

पास वापस चली जाएंगी या इसमें शामिल राशि को कार्यान्वयन एजेंसी से भूमि राजस्व की बकाया राशि के रूप में वसूल किया जाएगा । इसके अतिरिक्त, यदि आवश्यक हुआ तो दण्डात्मक कार्यवाही के साथ-साथ संबंधित कानूनों के अंतर्गत भी कार्यवाही की जाएगी ।

(ii) इसके अतिरिक्त, सिविल सोसायटी मामलों/सार्वजनिक ट्रस्टों/सहकारी समितियों/कारपोरेट निकायों द्वारा निधियों के किसी भी दुर्विनियोजन के मामले में, राज्य सरकार व्यतिक्रम करने वाली कार्यान्वयन एजेंसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाकर कानूनी कार्यवाही शुरू करेगी और अनुदान जारी किए जाने से पूर्व प्रस्तुत किए जाने वाले ऋण पत्र में की गई सहमति के अनुसार ब्याज की दण्डात्मक दर के साथ अनुदान वसूल करने के लिए सख्त कानूनी कार्यवाही करेगी ।

(iii) भारत सरकार के पास मंत्रालय या राज्य सरकारों के माध्यम से कार्यान्वयन ऐजेंसी द्वारा वित्तीय सहायता का दुरुपयोग करने पर किसी अन्य उद्देश्य के लिए स्वाधार गृह का गलत तरीके से उपयोग करने की स्थिति में स्वाधार गृह के भवन या स्कीम के अंतर्गत प्रदान किए गए अनुदान के द्वारा सृजित परिसंपत्तियों का अधिग्रहण करने का अधिकार होगा ।

(iv) योजना के प्रावधानों जैसे कि गलत रिकार्ड बनाना, प्रबंधन और स्टॉक के सदस्यों द्वारा निवासियों के यौन, मानसिक तथा शारीरिक उत्पीड़न सहित अन्य गैर कानूनी गतिविधियों के उल्लंघन से अनुदान को रोक दिया जाएगा और अपराधिक कार्यवाही पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना कार्यान्वयन एजेंसी को काली सूची में डाल दिया जाएगा ।

(थ.) <u>अस्थायी प्रावधान</u> :

